



# मिट्टी की सोंधी महक से मोबाइल की नीली रोशनी तक

**बड़वानी, ( नवभारत )।** समय के पहिए ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि सब कुछ पीछे छूट गया। गांवों की जिन गलियों में कभी गिल्ली-डंडे की खटाक और सितोलिया खेलते बच्चों का शोर गूंजता था, वहां आज अजीब सा सन्नाटा है। बच्चे तो आज भी हैं, लेकिन उनके हाथ में कंचे नहीं, स्मार्टफोन है। बुजुर्ग जब अपनी सफेद हो चुकी मूंछों पर हाथ फेरते हुए कहते हैं क्या दिन थे वो भी, तो यह सिर्फ एक वाक्य नहीं होता, बल्कि एक पूरे के पूरे सुनहरे दौर की याद होती है।



71 वर्षीय अनुभवी गृहिणी ललिताबाई बताती हैं, पहले सुबह उठते ही चक्की की आवाज आती थी। खेत जाते वक्त कलेवा में ज्वार-बाजरा या मक्के की रोटी, गुड़ और घर का ताजा घी होता था। बाजार के खाने का तो कोई मतलब ही नहीं था। शुद्ध देसी घी, दाल-बाटी, राबड़ी, ताजी छाछ और खेतों से सीधे आई ताजी सब्जियां भोजन में शामिल होती थी। लेकिन फास्ट फूड, पैकेटबंद नमकीन, कोल्ड ड्रिंक्स और प्रिजर्वेटिव्स से भरा प्रोसेस्ड खाना ही आज का भोजन बन गया है।

शहर के 75 वर्षीय प्रदीप डोंगरे जब पुराने दिनों को याद करते हैं, तो उनकी आंखों में चमक आ जाती है। वे बताते हैं तब स्कूल से बस्ता फेंककर सीधे मैदान में भागते थे। धूल में सनने पर भी मां की डांट में प्यार होता था। पहले दोस्ती का मतलब बिना बुलाए आधी रात को दोस्त के घर पहुंच जाना था। संयुक्त परिवार थे, पूरा गांव एक परिवार था। गांवों में अखाड़े, रामलीला, भजन मंडली और आल्हा ऊदल गाए जाते थे। अब चौपालें सूनी हैं और लोग अपने-अपने कमरों में टीवी या फोन से चिपके रहते हैं।

### एक्सपर्ट व्यू

रिटायर्ड पूर्व कुलपति रीवा यूनिवर्सिटी शिवनारायण यादव कहते हैं कि बच्चों में स्टेमिना खत्म हो गया है। ग्राउंड में पसीना बहाने की जगह वे स्क्रीन पर गेम ओवर कर रहे हैं। हार बर्दाश्त करने की क्षमता कम हुई है।

मनोचिकित्सक डॉ मनीष मालवीया ने बताया कि आउटडोर खेल कम होने और स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन बढ़ रहा है। वे वर्चुअल दुनिया के दोस्त तो बना रहे हैं, असल जिंदगी में अकेले हैं।

### बच्चों को बताएं खूबसूरत दुनिया

पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्रोफेसर मधुसूदन चौबे ने कहा कि विकास जरूरी हैं, तकनीक भी आवश्यक है। लेकिन इस अंधी दौड़ में हमने जो खोया है बच्चों को मोबाईल से दूर ले जाएं और उन्हें बताएं कि असली दुनिया उस 6 इंच की स्क्रीन के बाहर बहुत खूबसूरत है। पारंपरिक खेल जो स्वस्थ रखते हैं उनके प्रति हमने संवेदनाएं खो दी हैं, उन्हें वापस लाने की जरूरत है। आइए इस रविवार बच्चों को स्क्रीन से दूर पुराने समय की यादें बताए।




# निर्माण का अवलोकन कर विधायक ने जताई नाराजगी

**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधायक श्याम बर्डे ने भ्रमण के दौरान करीब 30 करोड़ की लागत से निर्माण हो रहे एकलव्य आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान निर्माण कार्य में उपयोग कर रहे मटीरियल की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जाहिर की तथा अधिकारियों को अवगत कराकर गुणवत्ता में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। एमएलए बर्डे ने बताया कि शासन की महत्ती योजनाओं का जमीनी स्तर पर अच्छा कार्य होना चाहिए। जिससे क्षेत्र के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित निर्माण कार्य कर रहे एजेंसी के कर्मचारियों को भी गुणवत्ता के साथ निर्माण करने हेतु निर्देश दिए हैं।

# चोंगड फलिया में नहीं पहुंचे कभी एमएलए, कांग्रेस को फिर झटका

- ग्रामीण बीजेपी में शामिल
- एमएलए बर्डे पर जताया भरोसा

**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कार्यकर्ताओं की नाराजगी से राजनैतिक उथल-पुथल हो रही है। विकास कार्यों के नहीं होने तथा अभी तक जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं की उदासीनता से चोंगड फलिया के ग्रामीण कांग्रेस पार्टी को छोड़ बीजेपी में शामिल हुए हैं। ग्राम पंचायत पन्नाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम राजपुरा के विधायक श्याम बर्डे ने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से चर्चा की जिसके बाद ग्रामीणों ने बिना किसी दबाव के बीजेपी में शामिल होने की जानकारी दी। ग्राम के सरपंच राधेश्याम मोरे भी कुछ महीने पूर्व कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए हैं। जिसके बाद अब ग्रामीणों ने भी बीजेपी विधायक एवं पार्टी पर भरोसा जताया है।



ग्रामीणों ने बताया कि उनके ग्राम में अभी तक कोई एमएलए नहीं आया है। वे वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण वे आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि भारतीय जनता पार्टी मजदूरों, किसानों एवं सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। किसी भी प्रकार की समस्या हो, उसके निराकरण के लिए निरन्तर प्रयास रहेगा। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास ध्येय वाक्य के साथ क्षेत्र को उन्नतिशील बनाने की बात कहते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान विधायक श्याम बर्डे, सरपंच राधेश्याम मोरे, एल्डरमैन मन्ना शुक्ला, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शितोले, जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन सहित वरिष्ठ ग्रामीण व अन्य उपस्थित रहे।

# यादव ने दिया संगठन को मजबूती का मंत्र

**निवाली ( नवभारत )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय यादव ने एक संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। अपने प्रभावी नेतृत्व, सरल व्यवहार एवं कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की कार्यशैली के कारण अजय यादव संगठन में एक मजबूत कड़ी के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

### कार्यकर्ताओं से किया आव्हान

जिला अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि भाजपा का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता एवं एकजुटता पर निर्भर करती है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### कार्यकर्ताओं ने की सराहना



भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुनते हैं। उनकी सहजता और सभी को साथ लेकर चलने की भावना की कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मुक्त कंठ से सराहना की।

### सम्मान की भावना को दर्शाती है

भाजपा कार्यकर्ता डॉ हुकुम पवार एवं सुरेन्द्र कुशवाह का कहना था कि जिला अध्यक्ष की कार्यशैली संगठन के प्रति समर्पण और कार्यकर्ताओं के सम्मान की भावना को दर्शाती है।

### प्रत्येक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण स्तंभ

जिला अध्यक्ष अजय यादव द्वारा संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सफलता का आधार है और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी का महत्वपूर्ण स्तंभ है।

## खायडा फलिया में विधायक के प्रयासों से हुआ ट्यूबवेल खनन

**पानसेमल।** विधानसभा के ग्राम पंचायत मतराला अंतर्गत आने वाले खयडा फलिया में विधायक श्याम बर्डे के प्रयासों से ट्यूबवेल किया गया। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से पेयजल की समस्या को देखते हुए ट्यूबवेल कराने की मांग की जा रही थी। जिसके बाद फलिया में ट्यूबवेल कराया गया। अब मोटर डालकर उसे उपयोग लाया जाएगा।



एक कार्यक्रम के दौरान विधायक बर्डे ने ग्राम मतराला एवं टाकली के बीच शिखर पर स्थित वर्षा की देवी मां रानी काजल मंदिर पर निर्माण के लिए 2 लाख राशि की घोषणा की है। इस निर्माण से लोगों को सुविधा होगी। सरपंच सुनील जाधव, सरपंच प्रतिनिधि अमरसिंह बर्डे, ग्राम पंचायत सचिव रामदास तमखाने, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने, साहेबराव चौधरी, दिनेश यादव, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, प्रकाश जोशी, गब्बर जाधव, दशरथ जाधव, राजू जाधव, चंपालाल जाधव, ओंकार, मुन्ना जाधव, जनबा जाधव, रैदास जाधव, भरत जाधव सहित वरिष्ठ ग्रामीण मौजूद रहे।

### एक नजर में

## स्कूल चले अभियान के द्वितीय चरण में विद्यार्थियों से संवाद



**आलीराजपुर ।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार संचालित स्कूल चले अभियान के द्वितीय चरण के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघमित्रा गौतम सहित अधिकारियों ने जिले के विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद एवं पुस्तक वितरण किया। इसी श्रृंखला में सर प्रताप शा. जिला उत्कृष्ट विद्यालय, आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में गौतम ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए करियर काउंसलिंग, अभिव्यक्ति कौशल, सरल अध्ययन पद्धति, नशामुक्ति, बाल विवाह उन्मूलन, लक्ष्य निर्धारण एवं समान शिक्षा जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संचालन कक्षा 12वीं के दर्श परिहार एवं शीतल डावर ने किया। इस दौरान प्राचार्य विश्वजीत तंवर, पीसी प्रमोद शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## रवि किशन डाबर लाल दंत मंजन के ब्रांड एंबेसडर

इंदौर. डाबर इंडिया ने अभिनेता और लोकप्रिय बॉलीवुड एवं भोजपुरी स्टार रवि किशन को डाबर लाल दंत मंजन का नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की. इस साझेदारी के साथ कंपनी ने अपना नया इंटीग्रेटेड अभियान दांत में हमार दम बा, डाबर लाल पे घमंड बा भी लॉन्च किया है. यह अभियान टेलीविजन, डिजिटल और प्रिंट प्लेटफॉर्म्स पर चलाया जाएगा, जिससे हिंदी और भोजपुरी भाषी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से ब्रांड का जुड़ाव और मजबूत होगा. डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड ओरल केयर प्रशांत अग्रवाल ने कहा हम डाबर परिवार में रवि किशन का डाबर लाल दंत मंजन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हैं. इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य भारतीय पारंपरिक 'दंत मंजन' की आदत को बढ़ावा देना और लोगों को मसूड़ों की मालिश की उस परंपरागत तकनीक के बारे में जागरूक करना है, जो रक्त संचार को बेहतर बनाने के साथ आयुर्वेदिक तत्वों की प्रभावशीलता को बढ़ाती है.

## न्युवोको को शामिल किया जियो हॉटस्टार के शो में

इंदौर. न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही इंडस्ट्री-केंद्रित लोकप्रिय सीरीज कैसे बनता है के तीसरे सीजन में दिखाया गया है. न्युवोको को इस प्लेटफॉर्म पर दिखाई जाने वाली भारत की पहली सीमेंट कंपनी होने पर गर्व है. यह शो दर्शकों को सीमेंट बनाने में शामिल विज्ञान, टेक्नोलॉजी और विशेषज्ञता की पर्दे के पीछे की खास झलक दिखाता है. कैसे बनता है एक अनोखी इन्फोटेनमेंट सीरीज है जो दर्शकों को भारत की कुछ प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं के अंदर ले जाती है. यह दिखाती है कि रोजमर्रा के उत्पाद कैसे एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, बेहतरीन इंजीनियरिंग, इनोवेशन और कुशल मानवीय प्रयासों से बनाए जाते हैं. इस सीरीज का मकसद औद्योगिक प्रक्रियाओं को आसान भाषा में समझाना और दर्शकों के बीच आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग के प्रति जागरूकता और सराहना बढ़ाना है. न्युवोको वाला एपिसोड दर्शकों को सीमेंट बनाने की पूरी प्रक्रिया दिखाता है.

## कैसे करें आवाज़ की देखभाल- व्याख्यान आयोजित

इंदौर. दिव्यशील हेल्थ फाउंडेशन तथा इंदौर ई.एन.टी. एंडोस्कोपी सेंटर द्वारा एक विशेष आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें आवाज़ की देखभाल विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया. ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के जामवर हॉल में सम्पन्न इस आयोजन में स्वरतंत्र विशेषज्ञों तथा हेल्थ केयर स्पेशलिस्ट्स की उपस्थिति थे. साथ ही बड़ा आकर्षण थी, इंदौर ई.एन.टी. एंडोस्कोपी सेंटर में स्थापित की गई एक एडवांस्ड मशीन जो कैंसर की अग्रिम पहचान करने के साथ ही स्वरतंत्र का भी बारीकी से परीक्षण कर सकती है.

# मिलावटी सामग्री बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने और लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण को लेकर चर्चा की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण एवं सैंपलिंग की जा रही है। गत वर्ष लिए गए नमूनों में तीन खाद्य इकाइयों एवं दो कोल्ड ड्रिंक के नमूने जांच में अमानक पाए गए, जिनके विरुद्ध प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं। कलेक्टर माथुर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को नियमित जांच, नमूना संग्रहण, खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी तथा आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु से पूर्व विशेष अभियान चलाकर मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिले में दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**आलीराजपुर। मोहर्रम, ईद, जगन्नाथ यात्रा, सावन माह एवं स्वतंत्रता दिवस को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर नीतू माथुर ने की।**



कलेक्टर ने सभी समाजों के प्रतिनिधियों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए आयोजनों की पूर्व सूचना प्रशासन को देने का आग्रह किया। उन्होंने संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं सुरक्षा व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा अफवाह फैलाने वालों और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में समिति सदस्यों ने त्योहारों के दौरान विशेष सफाई व्यवस्था की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं सभी समाजों के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# ओवरलोडिंग व तेज रफ्तार पर सख्ती के निर्देश, ससुस की बैठक



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छोटे यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग, हेलमेट के बिना वाहन चलाने और तेज रफ्तार की बढ़ती शिकायतों पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस विभाग को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने विशेष रूप से गुजरात मार्ग पर चलने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ नियमित जांच अभियान चलाने, नियम उल्लंघनकर्ताओं पर चालानी कार्रवाई करने तथा सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेलमेट के उपयोग और यातायात नियमों के पालन पर भी जोर दिया। बैठक में जघन्य एवं सनसनीखेज मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित 33 प्रकरणों में त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने तथा गंभीर मामलों में कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# नाम विसंगति के कारण पेंशन से वंचित वृद्धा को मिली राहत

## कलेक्टर ने दिलाई आर्थिक सहायता

**आलीराजपुर। 85 वर्षीय अयोध्या बाई सोलंकी ने जनसुनवाई में कलेक्टर नीतू माथुर को बताया कि पति के निधन के बाद नाम संबंधी विसंगति के कारण उन्हें पारिवारिक पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है।**

पेंशन नहीं मिलने से वे आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं तथा हृदय रोग के उपचार में भी कठिनाई हो रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

साथ ही रेडक्रॉस के माध्यम से उपचार हेतु 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर चेक प्रदान किया।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नाम संबंधी विसंगति दूर कर वृद्धा को जल्द पेंशन का लाभ दिलाने तथा सभी आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही में सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए।

### एक नजर में — कायस्थ गौरव दिवस का आयोजन

# 30 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, प्रतिभाओं का सम्मान

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** श्री चित्रांश सहयोग एवं कल्याण समिति एवं श्री कायस्थ सभा, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में कायस्थ गौरव दिवस 2026 आयोजित किया गया. कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों, युवा प्रतिभाओं एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया.



समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रज्वल खरे थे. विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सुधा श्रीवास्तव एवं मनीषा सक्सेना मौजूद रहीं, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार प्रतीक श्रीवास्तव ने की. कार्यक्रम में 30 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की.

### सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

अतिथियों ने शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता के महत्व पर बल देते हुए युवाओं से समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. साथ ही आगामी जनगणना में समाज की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया.